नैक द्वारा 'बी' ग्रेड प्रत्यायित

# महाराणा प्रताप स्नातकोत्तर महाविद्यालय

## जंगल धूसड़- गोरखपुर

मो. : 7897475917, 9794299451

Website: www.mpm.edu.in

E-mail : mpmpg5@gmail.com

स्थापित २००५ ई.

पत्रांक : ..................    दिनांक : 21.12.2018

# प्रकाशनार्थ

महाराणा प्रताप पी.जी. कालेज, जंगल धूसड़, गोरखपुर **गणित विभाग** द्वारा **श्री निवास रामानुज अयंगार स्मृति में 20 से 22 दिसम्बर** तक आयोजित होने वाले तीन दिवसीय गणित महोत्सव के दूसरे दिन तकनीकी सत्र के मुख्य वक्ता महात्मा गाँधी पी.जी. कालेज, गोरखपुर के गणित विभाग के आचार्य डॉ. आकाश पाण्डेय ने गणित के मूल भूत सूत्रों को समझाते हुए इनकी विस्तार से विवेचना की। तकनीकी सत्रों में समुच्चय सिद्धान्त, कैलकुलस, समूह सिद्धान्त आदि के विषय में विस्तृत चर्चा की गयी। डॉ0 पाण्डेय ने विभिन्न सिद्धान्तों से सम्बन्धित छात्रों द्वारा पूछे गये प्रश्नों का उनकी समस्याओं का हल प्रस्तुत किया। इस कार्यक्रम में गणित विभाग 250 छात्र–छात्राएं प्रतिभाग किया।

कार्यक्रम का संचालन विभागाध्यक्ष श्रीकान्त मणि त्रिपाठी ने तथा आभार ज्ञापन डॉ. अनुपमा श्रीवास्तव ने किया। कार्यक्रम में डॉ0 विजय कुमार चौधरी, डॉ0 शिव कुमार बर्नवाल, डॉ0 आर.एन.सिंह, डॉ0 आरती सिंह, डॉ0 प्रज्ञेश मिश्र, डॉ0 अरूण राव, श्रीमती कविता मंध्यान्, डॉ0 अभिषेक वर्मा सहित शिक्षक विद्यार्थी उपस्थित रहे।

एक अन्य कार्यक्रम में **गृह विज्ञान विभाग** द्वारा **''पोषक तत्व की उपयोगिता एवं महत्व''** विषय पर आयोजित विशिष्ट व्याख्यान को सम्बोधित करते हुए महात्मा गांधी पी.जी. कालेज के गृह विज्ञान की सहायक आचार्य डॉ0 इरा त्रिपाठी ने बताया कि किस प्रकार प्रोटीन, विटामिन्स, कार्बोज, वसा, एवं खनिज लवण हमारे दैनिक जीवन के लिए अति उपयोगी है तथा विदेशो में जिस प्रकार की भोज्य पदार्थो को शोध कर के हमें खाने की सलाह दी जाती है उन्हीं भोज्य पदार्थो को हम बचपन से खाते आ रहे है जैसे– ''ह्यूमस विद सैलेड रैप'' जिसे भारतीय सन्दर्भ में अरूई के पत्ते की पकौड़ी एवं ''कॉर्न फलेक्स विद मिल्क'' को चूड़ा–दूध के रूप में हम पहले से ही ग्रहण कर रहे है। यह भोज्य पदार्थ सभी घरो मे आसानी से उपलब्ध हो जाता है।

कार्यक्रम का संचालन गृह विज्ञान प्रवक्ता–डॉ0 पल्लवी नायक तथा अभार ज्ञापन गृह विज्ञान प्रभारी किरन सिंह ने किया।

Rajesh

(डॉ. राजेश शुक्ला)

सूचना एवं जनसम्पर्क अधिकारी